राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने 'इनोफेस्ट इंडिया 2024' का शुभारंभ किया

कहा, युवाओं में नए विचारों और सफलता के लिए जरूरी संसाधनों की समझ की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण है—'इनोफेस्ट इंडिया'

उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए देश में मजबूत माहौल तैयार हो — राज्यपाल

जयपुर, 7 नवम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत माहौल तैयार किया जाए। इसके अंतर्गत युवाओं में नए विचारों और सफलता के लिए जरूरी संसाधनों की समझ विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से 'इनोफेस्ट इंडिया' जैसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं।

श्री बागडे गुरूवार को पोद्दार ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन तथा फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न स्टार्ट अप्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 'इनोफेस्ट इंडिया 2024' में संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में 'विकसित भारत 2047' की कल्पना संजोई गई है। इसकी सफलता मानव शक्ति के सुनियोजित उपयोग के साथ राष्ट्र में युवाओं द्वारा नए—नए स्टार्ट अप, उद्यमिता विकास के कार्य अधिकाधिक करने से ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि भारत आने वाले समय में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ष 2027—28 तक भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के साथ तीसरी सबसे बड़ी जी.डी.पी. होने का अनुमान व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने कहा कि स्टार्ट—अप्स आज के आर्थिक परिदृश्य में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनसे न केवल रोजगार का सृजन होता है बल्कि नये विचारों और प्रौद्योगिकीय नवाचारों के माध्यम से समाज विकास की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि देश आजाद होने के बाद देश में अनाज की कमी थी परंतु भारत में खाद्य आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयास हुए। आज देश अनाज का सबसे बड़ा निर्यातक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से देश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, तकनीकी विकास के महती कार्य हुए हैं।

उन्होंने बाड़मेर के गांवों में नर्मदा के पानी लाए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि विकास में युवा सहभागी बने। उन्होंने प्राचीन भारत के ज्ञान विज्ञान की चर्चा करते हुए कहा कि नालंदा देश का ऐसा विश्वविद्यालय था जहां विश्वभर से विद्यार्थी पढ़ने आते थे। इस ज्ञान को समाप्त करने के लिए वहां के पुस्तकालय को आग लगा दी गई। उन्होंने आर्यभट्ट, नागार्जुन की चर्चा करते हुए कहा कि दशमलव की खोज भारत की है। नागार्जुन महान रस शास्त्री हुए। इनसे प्रेरणा लेते हुए युवा देश को आगे बढ़ाए।

राज्यपाल ने कहा कि नई सोच, नये विचार और नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते हुए, हमारे युवा उद्यमी देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने गांव और शहर का भेद मिटाते हुए देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और उद्यमिता के विकास के लिए कार्य करने पर जोर दिया। इससे पहले पोद्दार ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन के आंनद पोद्दार ने 'इनोफेस्ट इंडिया 2024' के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

—————

स्काउट गाइड 75 वर्ष की यात्रा की शुभकामनाएं दी

राज्यपाल ने राजभवन में स्काउट गाइड झंडे के स्टीकर का लोकार्पण किया

जयपुर, 7 नवंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को राजभवन में भारत स्काउट गाइड के 75 वें स्थापना दिवस की स्मृति पर निर्मित स्टीकर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान स्काउट गाइड संगठन की 75 वर्ष की यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए सेवा और संकल्प के उद्देश्य से स्थापित इस संगठन से युवाओं को निरंतर प्रेरणा लेते 'विकसित भारत' में योगदान का आह्वान किया।

इससे पहले राज्यपाल श्री बागडे को स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य के नेतृत्व में स्काउट गाइड शिष्टमंडल ने मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

——————

PODDAR
Presents

FEDERATION OF UNICORN
STARTUPS AND
INDUSTRY (FUISI)
X
PODDAR
Since 1998
GROUP OF INSTI

FEDERATION OF UNICORN
STARTUPS AND
INDUSTRY (FUISI)
X
PODDAR
Since 1998
PODDAR
GROUP OF INSTITUTIO